



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 03 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 138 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








## बड़ी अदालत की व्हाट्सएप और मेटा को कड़ी चेतावनी

# प्राइवेसी से खिलवाड़ नहीं



### 9 फरवरी को पारित होगा अंतरिम आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप और उसकी मूल कंपनी मेटा को चेतावनी दी कि डेटा साझा करने के बहाने नागरिकों के निजता के अधिकार से समझौता नहीं किया जा सकता। ये टिप्पणियां सर्वोच्च न्यायालय द्वारा व्हाट्सएप और मेटा द्वारा दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की गईं। सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को मामले में पक्षकार बनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि वह इस मामले में 9 फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगा। कोर्ट ने कहा कि डेटा शेयरिंग के नाम पर देश के नागरिकों की निजता के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। यह टिप्पणी तब आई जब कोर्ट व्हाट्सएप की 'टेक इट ऑर लीव इट' प्राइवेसी पॉलिसी पर लगी पेनल्टी के

● यह निजी जानकारी चोरी करने का घिनौना तरीका

खिलाफ अपील पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने साफ कहा कि इस तरह की पॉलिसी से यूजर्स की प्राइवेट जानकारी की चोरी हो रही है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने मामलों की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि प्राइवेसी टर्म्स इतनी जटिल तरीके से लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता। कोर्ट ने पूछा, 'ऑप्ट-आउट का विकल्प कहां है?' मतलब यूजर्स को डेटा शेयरिंग से बाहर निकलने का मौका क्यों नहीं दिया जाता। कोर्ट ने माना कि इस देश में निजता का अधिकार बेहद सख्ती से संरक्षित है। व्हाट्सएप और मेटा की दलीलों को सुनते हुए कोर्ट ने कहा कि यह सब प्राइवेट डेटा की चोरी का एक सभ्य तरीका है। सुनवाई में कोर्ट ने यह भी कहा कि टेक जायंट्स को यूजर्स का डेटा शेयर करने की इजाजत नहीं दी जाएगी, खासकर जब एग्रीमेंट असमान हों। मतलब यूजर्स के पास कोई चॉइस नहीं होती, या तो पॉलिसी मानो या ऐप छोड़ो। कोर्ट ने इस पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि ऐसी कंपनियां नागरिकों की कमजोरी का फायदा उठा रही हैं।

**कम पढ़े-लिखे लोग आप की नीति और शर्तों को समझ पाएंगे?**

सीजेआई सूर्यकांत ने सवाल उठाते हुए कहा, 'सड़कों पर फल-सब्जी बेचने वाली एक गरीब महिला, क्या वह आपकी नीति की शर्तों को समझ पाएगी? कोई भी उसे समझाने के लिए उपलब्ध नहीं होगा। क्या आपकी घरेलू सहायिका इसे समझ पाएगी? आपने लाखों लोगों का डेटा एकत्र किया होगा। यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक घिनौना तरीका है। हम आपको इसका इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देंगे।

## लोकसभा में राहुल के बोलने पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

● राजनाथ सिंह ने 11 बार, शाह ने 7 बार, रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका



**नई दिल्ली।** लोकसभा में राहुल गांधी की स्पीच पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हो रहा है। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा- मुझे बोलने दिया जाए। उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। राहुल ने कहा- मुझे परमिशन नहीं दी जा रही है। मैं विपक्ष का नेता हूं। मैंने राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाया है। इस दौरान सदन में विपक्ष का हंगामा होता रहा। राहुल बोले, 'मैं विपक्ष का नेता हूं, मैं बस बता रहा हूं कि चाइना-इंडिया के बीच में क्या हुआ। पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिक शहीद हुए।' राहुल ने कहा- भारत और चीन के रिश्ते पर बात करना जरूरी है। इसके बाद कार्यवाही 3 बजे स्थगित हो गई। अभी की कार्यवाही 14 मिनट चली। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी। सदन की कार्यवाही 3 बार स्थगित हुई। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका था।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 130 पैसे मजबूत तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त



**मुंबई।** भारतीय रुपया मंगलवार (3 फरवरी) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.20 के स्तर पर पहुंच गया। यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले 2025 में रुपया करीब 5 प्रतिशत तक टूटकर एशिया की सबसे कमजोर करेंसी बन गया था। जनवरी 2026 में ही इसमें 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FIIs) की लगातार निकासी ने रुपए पर दबाव बना रखा था। हालांकि, मंगलवार को रुपए ने वापसी करते हुए 91.49 के पिछले क्लोज के मुकाबले 130 पैसे की मजबूती दर्ज की है। रुपए में आई इस तेजी के पीछे भारत और अमेरिका के बीच हुआ 'गिव एंड टेक' समझौता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर बताया कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और इसके बदले अमेरिका व वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

## नेपाली बहू भारत में नहीं बन सकेंगी वोटर, लेनी पड़ेगी नागरिकता



लखनऊ। नेपाल से आईं बहुएं भारत की मतदाता नहीं बन सकती हैं। मतदाता सूची में उन्हें अपना नाम शामिल करवाने के लिए पहले यहां की नागरिकता लेनी होगी। इसीलिए भारत की वैध निवासी होते हुए भी उन्हें जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार नहीं मिलेगा। अलबत्ता, तय मानक पूरा करने पर ऐसे दंपतियों के बच्चे जरूर भारतीय नागरिक माने जाएंगे। उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकता है। भारत और नेपाल में रोटी-बेटी का प्रगाढ़ संबंध है। ऐसे में सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के लोगों की नेपाल में शादी हुई है। चुनाव आयोग का कहना है कि नेपाल की जो लड़कियां भारतीय नागरिकों से शादी करके यहां बस गई हैं, वह यहां की वैध निवासी तो हैं, पर वह भारतीय नागरिक नहीं हैं।

## रिश्वत लेते एसएचओ को रंगे हाथों पकड़ा गया



**मोदीनगर ( गाजियाबाद )।** गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में एक एसएचओ द्वारा रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, मुकदमे से नाम निकालने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते निवाड़ी एसएचओ जयपाल सिंह रावत को विजिलेंस टीम मेरठ ने रंगे हाथों पकड़ लिया। अबूपुर गांव के पूर्व प्रधान ने इस मामले को लेकर विजिलेंस टीम मेरठ में शिकायत दी थी।

## कानपुर-लखनऊ में छाया अंधेरा, 4 शहरों में ओले गिरे,10 जिलों में तेज बारिश

**लखनऊ।** यूपी में मौसम बिगड़ गया है। लखनऊ और कानपुर में दिन में भी अंधेरा छाया हुआ है। रिमझिम बारिश के बीच आंधी जैसी तेज हवाएं चल रही हैं। सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स और टिन शेड गिर गए हैं। कई जगह जलभराव के हालात बन गए हैं। आज तड़के औरैया, जालौन समेत 10 जिलों में झमाझम बारिश हुई। उन्नाव, चित्रकूट, हरदोई और इटावा में आधे घंटे तक ओले गिरे। सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं। लोग घरों में दुबके रहे। जरूरी काम से बाहर निकले लोग छाते और रेन कोट का सहारा लेते नजर आए। वहीं, अलीगढ़, मैनपुरी, बुलंदशहर समेत 20 जिलों में कोहरा छाया है। कई जगह विजिबिलिटी शून्य तक सिमट गई। सड़क, रेल और हवाई यातायात चरमरा गया है। कई रेलवे स्टेशनों पर 25 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं।

## सीबीएसई 10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने वर्ष 2026 में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने आधिकारिक परीक्षा संगम पोर्टल parikshasangam.cbse.gov.in पर एडमिट कार्ड डाउनलोड की सुविधा शुरू कर दी है। एडमिट कार्ड उपलब्ध होते ही स्कूलों ने परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को हॉल टिकट देने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

## क्षमा याचना के बाद ही मिलेगा अयोध्या में प्रवेश

### अविमुक्तेश्वरानंद को जगद्गुरु परमहंसाचार्य की चेतावनी

**अयोध्या।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर विवाद तेज होता जा रहा है। अयोध्या में तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में अविमुक्तेश्वरानंद के लिए चेतावनी जारी की है। उन्होंने शंकराचार्य को अयोध्या में प्रवेश न करने देने की चेतावनी जारी की है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर की गई कथित अभद्र टिप्पणियों से नाराज हैं। परमहंस आचार्य का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को औरंगज़ेब और हुमायूं का बेटा कहना अत्यंत निंदनीय है। यह एक संत को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन धर्म और उत्तर प्रदेश के हित में लगातार काम कर रहे हैं। इस तरह की भाषा अस्वीकार्य है।

● सीएम पर की गयी टिप्पणी को अशोभनीय बताया

जब तक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपने शब्द वापस नहीं लेते और सीएम योगी से क्षमा नहीं मांगते, तब तक उन्हें अयोध्या में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।




## दलाल स्ट्रीट में मचा धमाल, निवेशकों की बल्ले-बल्ले

### सेंसेक्स ने लगायी ऊंची छलांग : निफ्टी ने भी दिखाये तेवर

● भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापारिक समझौते से शेयर बाजार गुलजार



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापारिक समझौते की खबर ने दलाल स्ट्रीट में उत्साह का ऐसा ज्वार पैदा किया कि सेंसेक्स और निफ्टी ने अपने पिछले सभी रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ दिया। मंगलवार, 3 फरवरी 2026 को भारतीय शेयर बाजार ने एक ऐसी बढ़त दर्ज की जो हाल के वर्षों में विरली ही देखी गई है। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ को 50 प्रतिशत (दंडात्मक शुल्कों सहित) से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा के बाद बाजार में जबरदस्त 'शॉर्ट कवरिंग' और नई खरीदारी देखने को मिली। सुबह बाजार खुलते ही सेंसेक्स 2,300 अंकों से अधिक की छलांग लगाकर 84,000 के स्तर के करीब पहुंच गया, जबकि निफ्टी 700 अंकों की तेजी के साथ 25,800 के महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया। सुबह करीब 9:31 बजे, सेंसेक्स 2291.17 अंक बढ़कर 83,966.99 पर था, जबकि निफ्टी 50 702 अंक बढ़कर 25,790.40 पर कारोबार किया।

## सोने चांदी की दरों में भी उछाल



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति और टैरिफ में 18 फीसदी की कटौती का बड़ा असर कमोडिटी मार्केट पर भी दिख रहा है। बीते पांच कारोबारी दिनों में लगातार गिरने के बाद आज सोना-चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज की गई है। मंगलवार को सोने का वायदा भाव 4.34 फीसदी की उछाल के साथ 6050 रुपए बढ़ा, जबकि चांदी करीब 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20940 रुपए चढ़ गया। ऐसे में अब सोने का ताजा भाव 1, 49, 200 रुपए 10 ग्राम पहुंच गया है, जबकि चांदी 2,54,200 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.⁰C
● तापमान न्यूनतम : 7.2⁰C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 03 फरवरी, मंगलवार, 2026 (3)





मनरेगा बहाली की मांग को लेकर खालिसपुर गांव में लगी दिहाड़ी मजदूरों की महापंचायत

जनमुख डेस्क

# मणिकर्णिका को लेकर सपा का प्रदर्शन

## प्रतिमाओं का खंडित होना संस्कृति और विरासत का हमला





### ● काशी की पहचान को खत्म करने का लगाया आरोप

**वाराणसी।** मणिकर्णिका घाट पर महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा और अन्य प्राचीन संरचनाओं को तोड़े जाने का आरोप लगाकर सपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया। मंगलवार को सपा नेताओं ने इसे काशी की प्राचीन संस्कृति और विरासत पर सीधा हमला बताते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा- मणिकर्णिका घाट पर लंबे समय से स्थापित अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा और अन्य मूर्तियों को तोड़ दिया गया है। विकास के नाम पर काशी की ऐतिहासिक पहचान को खत्म किया जा रहा है। राम गोपाल यादव ने कहा- बनारस में मणिकर्णिका घाट पर तोड़फोड़ की गई है। शुरू से ही वहां महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा थी। अन्य प्रतिमाएं भी थीं, जिन्हें तोड़ दिया गया। बनारस की अपनी एक प्राचीन संस्कृति है उसकी गलियां, उसके मंदिर, उसकी परंपराएं, इन सबका विध्वंस किया जा रहा है। उन्होंने कहा- पीएम मोदी खुद वाराणसी से सांसद हैं, इसके बावजूद काशी की सांस्कृतिक विरासत को नु-कसान पहुंचाया जा रहा है। बनारस की जनता हमेशा से चाहती है कि ऐसा कोई परिवर्तन न हो, जिससे उसकी संस्कृति खत्म हो जाए। आज बनारस की पहचान को मिटाने की कोशिश हो रही है।

## छोटे व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा बजट

### ● फर्नीचर और फर्निशिंग जैसे सेक्टर्स की कई अपेक्षाएं अधर में लटकी रह गईं



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** केंद्रीय बजट 2026-27 MSME सेक्टर व मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है लेकिन फर्नीचर और फर्निशिंग जैसे सेक्टर्स की विशिष्ट चुनौतियों को पूरी तरह संबोधित नहीं करता। कई अपेक्षाएं अधर में लटकी रह गईं, जो छोटे व्यापारियों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हर व्यापारी बजट से यह उम्मीद करता है कि रियायतें मिलेंगी, लागत कम होगी और व्यापार दुगुनी रफ्तार से आगे बढ़ेगा, लेकिन इस बार कुछ क्षेत्रों में कमी महसूस हुई। हम सरकार से अपील करते हैं कि क्रियान्वयन में इन कमियों को दूर किया जाए, अन्यथा एमएसएमई सेक्टर की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं-यह एक चेतावनी है कि बिना और राहत के, आयात प्रतिस्पर्धा और बढ़ती लागत से छोटे व्यापारी पिछड़ सकते हैं। फर्नीचर और फर्निशिंग व्यापार पर प्रभावः बजट में फर्नीचर उद्योग के लिए कोई सीधा बड़ा पैकेज या स्पेसिफिक राहत नहीं घोषित हुई, जो एक बड़ी कमी है। अपेक्षा थी कि आयात पर ड्यूटी बढ़ाकर या जीएसटी रेट्स कम करके (वर्तमान 18 प्रतिशत से) घरेलू उत्पादकों को संरक्षण मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## होटल और बाजार एक ही छत के नीचे

### ● दो बड़ी परियोजनाओं को मूर्त रूप देकर निगम बढ़ाएगा कमाई का जरिया



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम विकास परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। इस क्रम में सोमवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सिगरा व सेनपुरा प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्देश दिया 74.52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंडरग्राउंड पार्किंग, मार्केट कॉम्प्लेक्स और होटल का निर्माण यथाशीघ्र शुरू किया जाए ताकि निर्धारित लक्ष्य के भीतर जनता को इसकी सुविधा मिल सके। नगर निगम ने इन दो बड़ी परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए बाजार (म्युनिसिपल बांड) से 50 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें सिगरा स्टेडियम के पास 40.52 करोड़ रुपये की लागत से 'जी प्लस-6' भवन बनेगा। वहीं कबीरचौरा रोड स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में 34 करोड़ रुपये की लागत से ढाई एकड़ में कामर्शियल भवन (जी प्लस टू) बनेगा। इसके लिए भी निगम ने 25 करोड़ रुपये का बांड जारी किया था। इस प्रोजेक्ट से निगम को करीब। 35 लाख रुपये मासिक आय संभावित है।

## दीपक माहेश्वरी परिषद के बने अध्यक्ष, राकेश कचौलिया मंत्री



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** माहेश्वरी परिषद वाराणसी के दीपक माहेश्वरी अध्यक्ष व राकेश कचोलिया मंत्री चुने गए हैं। सोमवार को महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में निर्वाचन अधिकारी गौरीशंकर नेवर एवं सह अधिकारी संदीप चांडक की देखरेख में सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। इसमें सुशील दाम्मनी कोषाध्यक्ष, अनिल झंवर उपाध्यक्ष, रमेश साबू संगठन मंत्री, मनीष सोमानी संयुक्त मंत्री, गौरव राठी प्रचारमंत्री, आलोक लड्ढा भंडार मंत्री, आलोक झवर औषधालय मंत्री, गोविंद बजाज आय व्यय निरीक्षक चुने गए।

## 16 से 27 फरवरी तक चलाया जाएगा एम-आर टीकाकरण अभियान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** खसरा-रूबेला (एम-आर) रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सोमवार को विकास भवन सभागार में हुई। जिसमें आगामी एम-आर टीकाकरण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि यह विशेष अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनपद में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक अध्ययनरत सरकारी, निजी विद्यालयों एवं मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को खसरा-रूबेला का टीका लगाया जाएगा।

## फ्लैट के नाम पर महिला से 10.80-लाख की ठगी

### ● दो साल पहले लिया था पैसा, आज तक नहीं किया हैंडओवर

**वाराणसी।** वाराणसी में एक महिला से फ्लैट के नाम पर 10.80 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने इस संबंध में भेलूपुर थाने में शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित महिला मालती बाग़ निवासी रजिया बेगम ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2023 में पहली बार फ्लैट के लिए पैसे दिए थे। अब दो साल हो गए पर आज तक आरोपी जियाउल हक ने फ्लैट की लोकेशन तक नहीं दी और न ही दिखाया की आप का फ्लैट कितना बना है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी जियाउल हक उर्फ जुबैन कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर राजा बाजार का रहने वाला है। पीड़िता रजिया बेगम ने बताया- अक्टूबर 2023 में मेरे दूर के रिश्तेदार लगने वाले राजाबाजार, नदेसर के रहने वाले हाजी मकसूद के कहने पर उनके बेटे को 3 लाख रुपए दिए थे।

## डीएम ने किया चन्द्रावती घाट और कादीपुर फ्लाइओवर का औचक निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने चन्द्रावती घाट के पुनर्विकास कार्यों, न्यूरोपैथिक केंद्र व पंचकर्मा हट तथा कादीपुर फ्लाइओवर का औचक स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी शेष कार्यों को 15 फ़रवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए।

## नाला बाधित होने पर नगर आयुक्त ने जताई नाराजगी, एफआईआर की चेतावनी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सोमवार को शिवदासपुर वार्ड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिवदासपुर से मुख्य मार्ग तक नाला बाधित मिलने पर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं हुआ तो विभाग व संबंधित ठेकेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## मजदूरों की महापंचायत में मनरेगा बहाली की मांग

### ● दिहाड़ी मजदूर संगठन एवं लोक समिति ने उठायी आवाज




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मनरेगा दिवस के अवसर पर दिहाड़ी मजदूर संगठन एवं लोक समिति के संयुक्त तत्वावधान में सेवापुरी ब्लॉक के खालिसपुर गांव में मजदूरों की एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में सेवापुरी ब्लॉक के दर्जनों गांव से चार सौ में ग्रामीण मजदूर, महिला श्रमिक और बेरोज़गार युवक-युवतियाँ शामिल हुए। सभा में मजदूरों ने मनरेगा की पूर्ण बहाली, 200 दिन काम, 600 रुपये दैनिक मजदूरी तथा जीआरजी (जी राम जी) अध्यादेश को तत्काल वापस लेने की माँग उठाई। लोक समिति संयोजक नंदलाल मास्टर ने तीखा बयान देते हुए कहा, 'मनरेगा मजदूरों का दान नहीं, उनका कानूनी अधिकार है। सरकार अगर इसे खत्म करने की साज़िश करेगी तो मजदूर सड़कों पर उतरकर जवाब देंगे।

## विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर नदियों के संरक्षण का संकल्प



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नदियाँ और उनसे जुड़ी आर्द्रभूमियाँ हमारे साझा भविष्य के लिए जीवनदायिनी हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए हमें तत्काल साहसिक कदम उठाने होंगे हमें जल प्रदूषण रोकना होगा, जैव विविधता को बचाना होगा और नदियों को सूखने से बचाने के लिए सामुदायिक भागीदारी बढ़ानी होगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते इस संदेश के साथ नमामि गंगे ने सोमवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर नदियों के संरक्षण के लिए जागरूकता की । नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी ने एक स्वर में आद्र भूमि के संरक्षण का संकल्प लिया। जागरुकता के दौरान सतीश सोमानी, राहुल राय, अवंतिका शर्मा, शिवानी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




## नृत्य-संगीत और काव्य पाठ से रासेयो के विशेष शिविर का समापन

### ● स्वयंसेवकों ने दी मोहक प्रस्तुतियां, दर्शक भावविभोर



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर का सप्तम एवं अंतिम दिवस कार्यक्रम शिवपुर वार्ड संख्या 9 में सोमवार को संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. स्वप्ना मीणा के निर्देशन में तथा वसंत कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव की अनुमति एवं मार्गदर्शन में, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शुभांगी श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभासद बालराम कन्नौजिया, हेड मास्टर कंपोजिट विद्यालय शिवपुर के पंकज दीक्षित मौजूद रहे। सांस्कृतिक सत्र के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा विविध मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। शालिनी गुप्ता एवं मैत्रेई राय द्वारा काव्यपाठ प्रस्तुत किया गया। अदिति एवं नितिशा ने भजन प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बनाया, वहीं काजल यादव ने भजन प्रस्तुत किया। स्वाति श्रीवास्तव एवं कीर्ति सिंह द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। नैंसी वर्मा ने कविता पाठ किया तथा श्रुति सिंह ने प्रभावशाली कविता प्रस्तुत की। अनुष्का गुप्ता द्वारा प्रस्तुत गीत ने श्रोताओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की।

## विद्युत मजदूर संगठन ने द्विपक्षीय वार्ता में उठाया उत्पीड़न और छंटनी का मुद्दा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विद्युत मजदूर संगठन एवम विद्युत संविदा मजदूर संगठन, वाराणसी द्वारा सोमवार को इंद्रेश कुमार राय पूर्वांचल अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन द्वारा प्रेषित 11 सूत्रीय मांगों को पूरा कराने के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड चिरईगांव वाराणसी से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान पूर्वांचल अध्यक्ष ने अनर्गल और मनमाने तरीके से संविदा कर्मचारियों की अनावश्यक छंटनी, उत्पीड़न पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का मुद्दा उठाया।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### यूजीसी के नए नियमों के विरोध में बैठक



**सोनभद्र।** रेणुकूट और पिपरी नगर के सामान्य वर्ग के नागरिकों ने यूजीसी के नए दिशानिर्देशों के विरोध में एक बैठक की। यह बैठक पिपरी नगर पंचायत भवन स्थित कल्याण मंडप में सनातन एकता सेवा संघ के सौजन्य से आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने यूजीसी द्वारा हाल ही में लागू किए गए नियमों को सामान्य वर्ग के छात्रों और युवाओं के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि ये नई व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा संस्थानों में सामान्य वर्ग के छात्रों एवं शिक्षकों के समानता के मूल अधिकार का हनन करती हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि इन नियमों का उपयोग छात्रों के विरुद्ध झूठी शिकायतें करने में किया जा सकता है। साथ ही, शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रस्तावित कमेटी की चयन और जांच प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। बैठक के दौरान यूजीसी से संबंधित नियमों की समीक्षा की गई और उनके सामाजिक तथा शैक्षणिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में इन नियमों को रद्द करने की मांग की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सामान्य वर्ग के प्रत्येक घर से प्रधानमंत्री के नाम यूजीसी नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर पत्र भेजा जाएगा। प्रतिनिधियों ने बताया कि शहर से कम से कम 15 हजार पत्र 10 मार्च तक प्रधानमंत्री कार्यालय भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## गाजीपुर समाचार

### कुंवर वीरेंद्र सिंह को मिला सेवा शिरोमणि सम्मान

**गाजीपुर।** जीवन रक्षक फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शहनाई पैलेस, बंधवा में आयोजित इस कार्यक्रम में गाजीपुर सहित देश के विभिन्न राज्यों और जिलों से आए कुल 300 रक्तदाताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और निस्वार्थ सेवा करने वाले रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अभिनव सिन्हा ने चयनित रक्तदाताओं को सम्मान प्रदान किए। इस समारोह में उत्तर प्रदेश के 15 जनपदों और गाजीपुर के 250 रक्तदाताओं के साथ-साथ शतकवीर एवं अर्धशतकवीर रक्तदाता भी शामिल हुए। इस अवसर पर तीन विशेष सम्मान भी प्रदान किए गए।

## मऊ समाचार

### दो सप्ताह में तीसरी मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव, कई टुकड़ों में फैला था



**मऊ।** जिले में रेलवे ट्रैक पर मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दो सप्ताह में दो युवक सहित एक अधेड़ की ट्रेन से कट कर मौत हुई है। मंगलवार की सुबह सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सुअराबोझ गांव के पास 35 वर्षीय अज्ञात का शव रेलवे ट्रैक पर पाया गया। युवक का शव करीब 30 मीटर की दूरी में कई टुकड़ों में कट कर फैला हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर थाना और जीआरपी की टीम भी पहुंची। अंदेशा है कि युवक आत्महत्या करने की नीयत से ट्रैक पर लेटा हुआ था। इससे पहले शनिवार की रात लगभग 8:30 बजे रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान कोतवाली के मुंशीपुरा निवासी मोहम्मद सलीम (18) की मौत हो गई थी। वहीं बीते 24 जनवरी को घर से दुकान के लिए निकले सहादतपुरा निवासी मोहनलाल गुप्ता (60) भी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया था। 20 मिनट की जद्दोजहद के बाद घायल को ट्रेन से निकाल कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## भदोही समाचार

### शिवलिंग की हुई प्राण-प्रतिष्ठा, निकली कलश यात्रा

**दुर्गागंज।** अभोली ब्लॉक के मतेथू गांव में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं। सिर पर कलश धारण करके श्रद्धालुओं ने गांव का भ्रमण किया। हर-हर महादेव और जय श्रीराम के नारों से गांव की गलियां गूंज उठीं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ निकली इस यात्रा ने समूचे गांव को आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। कलश यात्रा के बाद मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर परिसर में मंगलवार से तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक राजेश भारद्वाज महाराज श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा और भक्ति की प्रेरणादायी कथाएं सुनाएंगे।

## बलिया समाचार

### ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में तीन घायल, चालक की मौत, केबिन तोड़कर कड़ी मशक्कत से निकाला गया शव



**बलिया।** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर स्थित शिवम आइडियल स्कूल के सामने मंगलवार की सुबह कोहरे के बीच ट्रक व ट्रेलर में टक्कर हो गई। ट्रक चालक रामधनी बिंद की मौके पर मौत हो गई, ट्रेलर के चालक व खलासी घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे चांददियर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक श्याम प्रकाश मिश्र ने टीम के साथ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा इलाज को पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा। दोनों वाहनों की टक्कर से आवागमन अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने हाइवा मंगाकर दोनों ट्रकों को हटाकर आवागमन चालू कराया। गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के सहेड़ी गांव निवासी रामधनी बिंद (48) चावल लोडकर बिहार के लिए जा रहे थे। अभी मांझी मार्ग पर स्थित शिवम आइडियल स्कूल के सामने पहुंचे ही थे कि कोहरे के कारण मोरंग लदे ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रेलर बिहार से आ रहा था। दोनों वाहनों की टक्कर में ट्रक चालक रामधनी बिंद की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने केबिन तोड़कर किसी तरह चालक के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## आजमगढ़ समाचार

### ठंड में कम पानी पीने से बढ़ रहा डीहाइड्रेशन का खतरा, ओपीडी में रोज आ रहे 35 मरीज

**बलरामपुर।** पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ती जा रही है। ठंड के कारण लोगों को प्यास कम लग रही है, जिसके चलते लोग बहुत कम पानी पी रहे हैं। इससे लोगों में डीहाइड्रेशन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आरके कुशवाहा ने बताया कि इन दिनों ओपीडी में रोजाना 120 से 130 मरीज आ रहे हैं, जिनमें से 30 से 35 मरीज डीहाइड्रेशन की शिकायत लेकर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठंड में शरीर को पानी की जरूरत गर्मी के मौसम जितनी ही होती है, लेकिन प्यास न लगने के कारण लोग कम पानी पी रहे हैं। इससे शरीर में पानी की कमी हो जा रही है। ठंड में कम पानी पीने से चेहरा शुष्क (सूखा) और बेजान दिखने लगता है। होंठ फट जाते हैं, त्वचा में खिंचाव आता है।

## गोरखपुर समाचार

### 'पहाड़ियों से फेंककर नहीं, सिर पर वार कर मार डाला था', नेपाल से आई इस रिपोर्ट में खुला राखी के कत्ल का राज





**गोरखपुर।** गोरखपुर के शाहपुर इलाके की राखी श्रीवास्तव राजेश्वरी उर्फ राजेश्वरी की हत्या नेपाल में पहाड़ियों से फेंक कर नहीं बल्कि सिर और पेट पर भारी वस्तु से वार कर की गई थी। इसके बाद शव को सारंगकोट क्षेत्र में जंगल के किनारे झाड़ियों में पत्तों से छिपा दिया गया था। इसका पर्दाफाश नेपाल सरकार की ओर से भेजी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट को साक्ष्य के तौर पर सोमवार को कोर्ट में पेश करेगी ताकि हत्यारोपियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके। राखी अपने पति मनीष सिन्हा के साथ वर्ष 2018 में नेपाल भ्रमण पर गई थीं। इसी दौरान नेपाल के कास्की जिले के सारंगकोट क्षेत्र में राखी का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस का दावा था कि हत्यारोपियों ने हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए उसे पहाड़ से धक्का दे दिया था। नेपाल के कास्की जिला पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक पोखरा लेखनाथ महानगरपालिका वार्ड नंबर 15 देउराली शुमती स्थित थोपसे खोला सामुदायिक वन क्षेत्र में सड़क किनारे झाड़ियों के बीच सूखे पत्तों से ढका हुआ राखी का शव बरामद किया था।इसके बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नेपाल के वेस्टर्न रीजनल हॉस्पिटल पोखरा भेजा था। फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. मदन प्रसाद बराल ने राखी के शव का पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट के मुताबिक, पेरिटोनियल कैविटी (उदर गुहा) में लगभग 900 मिलीलीटर खून जमा पाया गया जबकि लिवर के दाहिने हिस्से में गहरा तिरछा घाव मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, यह चोट किसी भारी या तेज वस्तु से किया गया था। पेट की अंदरूनी झिल्लियां और ओमेंटम (पेट का पर्दा) भी क्षतिग्रस्त पाए गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि छाती, फेफड़े, हृदय और श्वसन तंत्र पूरी तरह सामान्य थे, जिससे यह पुष्टि होती है कि मौत प्राकृतिक नहीं बल्कि पूरी तरह हिंसक थी।

## जौनपुर समाचार

### पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने कीटनाशक खाकर दी जान

**सुइथाकला।** सरपतहा थानाक्षेत्र के कम्मरपुर गांव में पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। इससे उसकी मौत हो गई। सोमवार को सुबह गांव के ही स्टेडियम में उसका शव मिला। गांव निवासी ब्रह्मदेव सिंह का बेटा अमित सिंह (28) रविवार को किसी बात पर माता-पिता की फटकार से नाराज हो गया। पहले उसने इस बात की सूचना अपनी बड़ी बहन व जीजा को दी। इसके बाद बाइक लेकर घर से कहीं निकल गया। देर रात तक वापस नहीं लौटा। इधर घर वाले उसकी खोजबीन में लगे थे। सोमवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं स्टेडियम की तरफ घूमने निकलीं तो वहां युवक का शव देखा। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान अमित सिंह के रूप में की। मां पूनम का रो-रो कर बुरा हाल था। युवक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

## चंदौली समाचार

### दो ब्लॉकों को जोड़ने वाली सड़क पर बनेगा पुल, 94 लाख आएगी लागत



**पीडीडीयू नगर/कंदवा।** जिले के बरहनी और सकलडीहा ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क पर नया पुल बनेगा। इसकी लागत 94 लाख रुपये होगी। इससे 50 गांव के 60 हजार लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इससे पहले पीथापुर गांव में बनी पुलिया रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त हो गई है। इसकी जगह पर नए पुल की मांग की जा रही थी। अब पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की ओर से नए लघु सेतु के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इसके निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से तैयार की गई कार्ययोजना को स्वीकृति मिल गई है। धन अवमुक्त होने के बाद विभाग टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर लघु सेतु का निर्माण जल्द कराएगा। आजादी के बाद चंदौली जिले में नहरों का तेजी से विकास हुआ। इस दौरान ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा के लिए नहरों पर कई पुल-पुलिया का निर्माण भी किया गया। इनमें कुछ पुल-पुलिया के रखरखाव की जिम्मेदारी सिंचाई, लघुडाल, बंधी प्रखंड के साथ पीडब्ल्यूडी को भी सौंपी गई। रखरखाव न किए जाने से कई पुल व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इनमें कई पर चलना खतरनाक है। कई पुलिया पर तो विभागों की ओर से (चलना खतरनाक है), जैसे बोर्ड भी लगा दिए गए हैं।

## देवरिया समाचार

### रामेश्वर मिश्र अध्यक्ष, सत्य प्रकाश यादव बने मंत्री

**सलेमपुर।** तहसील बार एसोसिएशन सलेमपुर का वार्षिक चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में रामेश्वर मिश्र अध्यक्ष और सत्य प्रकाश यादव मंत्री/सचिव निर्वाचित हुए। परिणामों की घोषणा के बाद अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में रामेश्वर मिश्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी उमाशंकर तिवारी को 48 मतों के अंतर से पराजित किया। रामेश्वर मिश्र को 74 मत मिले, जबकि तिवारी को 26 मत प्राप्त हुए। मतदान के दौरान एक मत अवैध घोषित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आध्या तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। मंत्री/सचिव पद पर सत्य प्रकाश यादव ने जीत दर्ज की। वहीं, उमेश प्रसाद और रविप्रकाश पांडेय कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए।

## सुल्तानपुर समाचार

### जम्मू के अखनूर में ड्यूटी के दौरान सेना के जवान का निधन



**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर निवासी भारतीय सेना में तैनात भूपेंद्र कुमार सिंह (41) का ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। सोमवार की रात उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे। भूपेंद्र कुमार सिंह गोसाईगंज क्षेत्र के बरुई गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में वह जम्मू के अखनूर सेक्टर के ऑर्डिनेंस डिपो में तैनात थे। बताया गया कि शनिवार की रात ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह उनकी सांसें थम गईं। सोमवार रात पार्थिव शरीर घर पहुंचा। परिजनों ने बताया कि शनिवार देर रात पत्नी रूबी सिंह के पास सेना के अधिकारियों का फोन आया। उन्हें बताया गया कि तबीयत खराब होने पर भूपेंद्र कुमार सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार सुबह करीब 09 बजे उनकी सांसें थम गईं। खबर मिली तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। भूपेंद्र के परिवार के लोग लंबे समय से देश सेवा से जुड़े हैं। पिता प्रसिद्ध नारायण सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे। उनके बड़े भाई रविंद्र कुमार सिंह भी ऑर्डिनेंस डिपो में सूबेदार मेजर के पद पर तैनात हैं। छोटे भाई सत्येंद्र सिंह भी सेना में हैं। एक भाई महेंद्र सिंह की मौत हो चुकी है। छोटे भाई सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पिता प्रसिद्ध नारायण सिंह वर्ष 1996 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनका निधन हो चुका है। भूपेंद्र वर्ष 2003 में 18 वर्ष की आयु में सेना में भर्ती हुए थे। उनका विवाह वर्ष 2009 में हुआ था। उनकी बड़ी पुत्री शिल्पा सिंह (14), कक्षा 10 की छात्रा है। छोटा पुत्र शिवांश सिंह (08) कक्षा तीन का छात्र है। दोनों बच्चे अखनूर स्थित आर्मी स्कूल में पढ़ाई करते हैं। वह दोनों अपने माता-पिता के साथ वहीं रहते थे। बरुई गांव में भूपेंद्र की माता पुष्पा सिंह रहती हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि भूपेंद्र का पार्थिव शरीर पैतृक गांव बरुई लाया गया।

## प्रयागराज समाचार

### निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार ने कोर्ट जाने के दिए संकेत



**प्रयागराज।** यूजीसी के नए नियम और मौनी आमवस्या पर माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान के विरोध में इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री ने अपने निलंबन के खिलाफ न्यायालय की शरण में जाने के संकेत दिए हैं। सोमवार को प्रयागराज आए अलंकार अग्निहोत्री ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के कुछ अधिवक्ताओं से मुलाकात के बाद मीडिया से कहा कि उनकी लीगल टीम निलंबन को लेकर दिए गए नोटिस का अध्ययन कर रही है। इसके बाद ही वह अगला कदम उठाएंगे। हालांकि, अपना इस्तीफा वापस लेने की किसी भी संभावना से उन्होंने इन्कार किया है। रविवार को वाराणसी में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात के बाद सोमवार को प्रयागराज पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री ने एससी-एसटी कानून को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि एससी-एसटी कानून सामान्य वर्ग के लिए पूरी तरह से काला कानून है।

उन्होंने एससी-एसटी एक्ट खत्म करने के लिए केंद्र सरकार से छह फरवरी तक विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग की है। कहा कि अगर छह फरवरी तक सरकार विशेष सत्र नहीं बुलाती है तो सात फरवरी को वह दिल्ली कूच करेंगे। देशभर से बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग भी उनके समर्थन में उतरकर एससी-एसटी कानून का विरोध करेंगे। अलंकार अग्निहोत्री ने फिलहाल किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ने की बात से इन्कार किया है।

## मीरजापुर समाचार

### अध्यापक की कार की ऑटो से टक्कर, महिला की मौत, 11 घायल




**कछवां।** थाना क्षेत्र के मछली मंडी के सामने सोमवार की सुबह तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक कार और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक समेत 12 लोग घायल हो गए। चालक व एक महिला को सीएचसी से रेफर किया गया।

रास्ते में महिला सोनी की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। थानाध्यक्ष अमरजीत चौहान ने बताया कि ऑटो में सवार महिलाएं खैरा क्षेत्र के खेत में मजदूरी करने जा रही थी।

इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक कार ने ओवरटेक करने के चक्कर में ऑटो में टक्कर मार दी। कार से अध्यापक अपनी पत्नी को कछवां स्थित कंपोजिट विद्यालय छोड़ने जा रहा था। पत्नी वहीं पढ़ाती है। अध्यापक बजहां स्थित कंपोजिट विद्यालय में पढ़ाता है। हादसे के बाद अध्यापक वाहन वहीं छोड़कर अपनी पत्नी को उसके विद्यालय छोड़ने चला गया।

उधर, हादसे में पार्वती (35), गुड़िया (20), सुघरा (38), नेहा (18), सरोजा (18), राधिका (14), रेखा (30), रेखा (35), ज्योति (12), कुसुम (30) सोनी (22) घायल हो गई। सभी घायल बसंतापुर औराई भदोही की निवासी हैं।

ऑटो चालक चंद्रेश यादव (35) निवासी विक्रमपुर औराई भदोही भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी प्रभारी विनय कुमार दुबे ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने पर ऑटो चालक चंद्रेश यादव और सोनी को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

मंडलीय अस्पताल ले जाते समय सोनी की रास्ते में मौत हो गई। परिजनों को सूचना दी गई। कार चालक पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## लाइफ मंत्र

### बांके बिहारी भक्तों के लिए खुशखबरी, घर बैठे करें बांकेबिहारी जी के रंगोत्सव के दर्शन, 15 फरवरी से होगी लाइव स्ट्रीमिंग




ठाकुर बांकेबिहारी के भक्तों के लिए इस वर्ष की होली खास होने वाली है। वृंदावन स्थित बांकेबिहारी मंदिर में 27 फरवरी से रंगभरनी एकादशी के साथ रंगों की होली की शुरुआत होगी, जिसका आनंद अब श्रद्धालु घर बैठे भी ले सकेंगे। मंदिर प्रशासन 15 फरवरी से भगवान के दर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू करने जा रहा है। इस व्यवस्था की जिम्मेदारी दिल्ली की सुयोग्य मीडिया लिमिटेड को सौंपी गई है। हर साल होली के दौरान मंदिर में भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे कई भक्त दर्शन से वंचित रह जाते हैं। लाखों श्रद्धालु ठाकुर जी के साथ होली खेलने पहुंचते हैं, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण सभी को मंदिर में प्रवेश नहीं मिल पाता।

इसी समस्या को देखते हुए मंदिर की उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने लाइव दर्शन की सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया है। पिछली बैठक में कंपनी को निर्देश दिए गए हैं कि 15 फरवरी तक स्ट्रीमिंग की व्यवस्था पूरी कर ली जाए।

समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी के अनुसार, इसके लिए मंदिर के नाम से एक विशेष वेबसाइट भी बनाई जाएगी।

मंदिर परिसर में कैमरे लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से श्रद्धालु वेबसाइट पर सीधे दर्शन कर सकेंगे। रंगभरनी एकादशी से शुरू होने वाली होली के सभी दृश्य ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। इससे वे भक्त, जो किसी कारणवश मंदिर नहीं पहुंच पाएंगे, घर बैठे ठाकुर बांकेबिहारी की होली के दर्शन कर सकेंगे और भक्तिमय माहौल का अनुभव ले सकेंगे।

## Cyber Alert: मुफ्त Wi-Fi का लालच पड़ेगा भारी, Hackers की नई चाल से Bank Account हो रहा खाली



साइबर एक्सपर्ट्स ने फ्री वाई-फाई स्कैम को लेकर चेतावनी जारी की है, जिसमें हैकर्स 'Evil Twin' नेटवर्क बनाकर आपका बैंकिंग पासवर्ड और निजी डेटा चुरा सकते हैं। इस तरह के ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए पब्लिक नेटवर्क पर वीपीएन का इस्तेमाल और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को अनिवार्य बताया गया है। आजकल हैकर्स भी ठगाई के लिए नए-नए रास्ते अपना रहे हैं। आमतौर पर हैकर असली नेटवर्क के नाम से मिलते-जुलते फर्जी वाई-फाई बनाते हैं, जिसे तकनीकी भाषा में Evil Twin कहा जाता है। जैसे ही लोग एयरपोर्ट में फ्री वाईफाई समझकर उसको कनेक्ट करते हैं, वैसे ही उनके फोन और इंटरनेट बीच एक डिजिटल बिचौलिया बैठ जाता है। जब आप फोन में कुछ भी टाइप करने पर चाहे वो पासवर्ड या बैंकिंग पिन ही क्यों न हो, वह सीधे हैकर के सर्वर पर दर्ज हो जाता है। साइबर एक्सपर्ट मानते हैं कि पब्लिक WiFi नेटवर्क हैकिंग के लिए सबसे आसान टारगेट होते हैं।

**क्या-क्या हो सकता है लीक?**

यह जोखिम केवल डेटा चोरी तक सीमित नहीं है। साइबर अपराधी बेहद चालाक होते हैं और आपके डिवाइस में खतरनाक मालवेयर डाल सकते हैं। इसके जरिए आपके मोबाइल का कैमरा और माइक्रोफोन आपकी जानकारी के बिना सक्रिय किया जा सकता है। इतना ही नहीं, आपकी लाइव लोकेशन पर भी नजर रखी जा सकती है। यह खतरा और भी गंभीर है क्योंकि आपकी गैलरी में मौजूद निजी फोटो और वीडियो चोरी होकर डार्क वेब पर बेचे जा सकते हैं।

**बैंकिंग और UPI पर सबसे बड़ा खतरा**

टेक एक्सपर्ट के मुताबिक, जब आप पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल करते हैं, तो यूपीआई ट्रांजेक्शन या मोबाइल बैंकिंग करते हैं, तो डेटा एन्क्रिप्शन कमजोर हो जाता है, ऐसी स्थिति में आपके ट्रांजेक्शन को बीच में ही हाईजैक किया जा सकता है। फिर आपको लगेगा कि पेमेंट हो गया लेकिन ये पैसा हैकर की जेब में भी जा सकता है।

**मजबूरी में Free WiFi इस्तेमाल करना पड़े तो क्या करें?**

**VPN-** पब्लिक वाई-फाई यूज करने से पहले हमेशा एक भरोसेमंद वीपीएन का उपयोग करें, जो आपके डेटा को एन्क्रिप्ट कर देता है। इससे हैकर उसे पढ़ नहीं सकते हैं।

**ऑटो-कनेक्ट-** फोन की सेटिंग में जाकर ऑटो कनेक्ट टू वाई-फाई फीचर को तुरंत बंद कर दें। इसके साथ ही जितना हो सके सार्वजनिक नेटवर्क पर बैंकिंग, शॉपिंग या ईमेल लॉगिन करने से बचें।

**HTTP vs HTTPS-** सिर्फ उन्हीं वेबसाइट्स का यूज करें और जिनके यूआरएल की शुरुआत में https:// और लॉक (Padlock) का आइकन हो। अगर ये न हो तो लिंक फर्जी हो सकती हैं।

**2FA (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) -** आपके जितने भी सोशल मीडिया अकाउंट हैं और बैंक खातों पर 2 स्टेप वेरिफिकेशन ऑन रख सकते हैं, जिससे पासवर्ड पता चलने पर भी हैकर लॉगिन न कर सके।



# Gmail का नया अपडेट: बिना नया अकाउंट बनाए बदल सकेंगे ईमेल एड्रेस

**गूगल के इस नए अपडेट की सबसे खास बात यह है कि आपका पुराना ईमेल एड्रेस पूरी तरह खत्म नहीं होगा। वह आपके अकाउंट से एक एलियस के रूप में जुड़ा रहेगा। इसका मतलब यह हुआ कि अगर कोई व्यक्ति आपके पुराने ईमेल एड्रेस पर मेल भेजता है, तो वह भी सीधे आपके नए इनबॉक्स में ही पहुंचेगा।**

दुनिया के सबसे लोकप्रिय ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल के करोड़ों यूजर्स के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। गूगल एक ऐसे फीचर पर काम कर रहा है, जिसका इंतजार यूजर्स पिछले लगभग 20 सालों से कर रहे थे। इस नए अपडेट के बाद यूजर्स अपना पुराना या अब अनप्रोफेशनल लगने वाला @gmail.com ईमेल एड्रेस बदल सकेंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि इसके लिए नया अकाउंट बनाने की जरूरत नहीं होगी और न ही आपका पुराना डेटा डिलीट होगा।

**नया अकाउंट नहीं, वही इनबॉक्स रहेगा**

अब तक जीमेल का नियम काफी सख्त था। एक बार ईमेल एड्रेस बना लिया तो उसे बदला नहीं जा सकता था। अगर किसी यूजर को नया ईमेल एड्रेस चाहिए होता था, तो उसे नया अकाउंट बनाकर अपने कॉन्टैक्ट्स, फोटो, ड्राइव फाइल्स और ईमेल्स को मैन्युअली ट्रांसफर करना पड़ता था। यह प्रक्रिया समय लेने वाली और बेहद झंझट भरी होती थी। नए फीचर के आने से यह परेशानी पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**गूगल सपोर्ट पेज से हुआ खुलासा**

इस अपकमिंग फीचर की जानकारी गूगल के एक सपोर्ट पेज के जरिए सामने आई है। सपोर्ट डॉक्यूमेंट में साफ संकेत दिया गया है कि भविष्य में यूजर्स अपने मौजूदा जीमेल अकाउंट के भीतर ही ईमेल एड्रेस बदल सकेंगे। यानी आपकी डिजिटल पहचान अपडेट होगी, लेकिन अकाउंट वही रहेगा।

**पुराना एड्रेस बनेगा एलियस**

गूगल के इस नए अपडेट की सबसे खास बात यह है कि आपका पुराना ईमेल एड्रेस पूरी तरह खत्म नहीं होगा। वह आपके अकाउंट से एक एलियस के रूप में जुड़ा रहेगा। इसका मतलब यह हुआ कि अगर कोई व्यक्ति आपके पुराने ईमेल एड्रेस पर मेल भेजता है, तो वह भी सीधे आपके नए इनबॉक्स में ही पहुंचेगा। इतना ही नहीं, यूजर्स अपने पुराने और नए दोनों ईमेल एड्रेस का इस्तेमाल करके लॉग इन कर सकेंगे। यानी एक भी जरूरी ईमेल मिस होने का कोई खतरा नहीं रहेगा।

**सीमित बार मिलेगा बदलाव का मौका**

इस फीचर के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए गूगल ने कुछ शर्तें भी तय की हैं। सपोर्ट पेज के अनुसार, कोई भी यूजर साल में सिर्फ एक बार ही अपना जीमेल एड्रेस बदल पाएगा।

वहीं, पूरे लाइफटाइम में एक अकाउंट से अधिकतम तीन बार ही ईमेल एड्रेस बदलने की अनुमति होगी। इसका अर्थ है कि एक अकाउंट के साथ कुल चार ईमेल एड्रेस लिंक हो सकेंगे, जिसमें एक ओरिजिनल और तीन बदले हुए एड्रेस शामिल होंगे।

**भारत में पहले दिख सकता है अपडेट**

एक दिलचस्प बात यह है कि इस फीचर की जानकारी सबसे पहले गूगल के हिंदी सपोर्ट पेज पर देखी गई है। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि गूगल इस फीचर का शुरुआती रोलआउट या टेस्टिंग भारत से कर सकता है। हालांकि, कंपनी ने अभी तक कोई आधिकारिक ग्लोबल घोषणा नहीं की है, लेकिन सपोर्ट पेज पर यह जरूर लिखा गया है कि फीचर को धीरे-धीरे रोलआउट किया जाएगा।

**डिजिटल पहचान सुधारने का सुनहरा मौका**

जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया पर फैली, यूजर्स ने खुशी जाहिर करनी शुरू कर दी। कई लोगों का कहना है कि उन्होंने स्कूल या कॉलेज के समय मजाकिया या ट्रेंडी नामों से ईमेल आईडी बना ली थी, जो अब प्रोफेशनल लाइफ में अजीब लगती है। इस नए फीचर के बाद यूजर्स बिना डेटा खोए अपनी डिजिटल पहचान को ज्यादा प्रोफेशनल और भरोसेमंद बना सकेंगे।

**वर्कस्पेस और स्कूल अकाउंट्स पर अलग नियम**

यह सुविधा फिलहाल पर्सनल @gmail.com अकाउंट्स के लिए ही बताई जा रही है। अगर आपका ईमेल एड्रेस ऑफिस, स्कूल या किसी संगठन द्वारा दिया गया है, जैसे ईसॅम्दर्स्ज्हिब.म्दर्, तो उसे बदलने के लिए आपको अपने एडमिनिस्ट्रेटर से संपर्क करना होगा।

सामान्य जीमेल यूजर्स अपने अकाउंट की सेटिंग में जाकर, माय अकाउंट सेक्शन के जरिए यह बदलाव कर सकेंगे। कुल मिलाकर, गूगल का यह नया फीचर जीमेल यूजर्स के लिए एक बड़ा और लंबे समय से जरूरी बदलाव साबित हो सकता है, जो ईमेल इस्तेमाल के अनुभव को और भी आसान बना देगा।

# बिना चार्ज UPI पेमेंट, फिर पैसा कहां से आता है?

Google Pay और PhonePe का बिजनेस लगातार बढ़ रहा है। साफ है कि डिजिटल दुनिया में कमाई सिर्फ फीस लेने से नहीं, बल्कि स्मार्ट इकोसिस्टम बनाने से होती है।




इन कंपनियों की कमाई का सबसे मजबूत आधार छोटे दुकानदार और किराना स्टोर हैं। PhonePe ने दुकानों पर लगाए जाने वाले वॉयस-ऑपरेटेड UPI स्पीकर्स को एक बड़ा रेवेन्यू मॉडल बना दिया है। जब भी कोई ग्राहक भुगतान करता है, स्पीकर से तुरंत आवाज आती है कि पैसा रिसीव हो गया है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी UPI ने भारत में डिजिटल लेन-देन की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। आज छोटे से छोटे भुगतान के लिए भी लोग नकद की बजाय मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ ही सेकेंड में पैसा एक खाते से दूसरे खाते में पहुंच जाता है और इसके लिए आम यूजर को कोई चार्ज नहीं देना पड़ता। ऐसे में अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जब UPI पेमेंट पूरी तरह फ्री है, तो फिर Google Pay और PhonePe जैसी बड़ी कंपनियां आखिर कमाई कहां से करती हैं? इस सवाल का जवाब सीधा नहीं, बल्कि इनके स्मार्ट बिजनेस मॉडल में छिपा है। दरअसल, इन प्लेटफॉर्म्स ने UPI को सिर्फ पैसे भेजने या लेने का जरिया नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक बड़े डिजिटल इकोसिस्टम में बदल दिया है, जहां पेमेंट के साथ-साथ कई दूसरी सेवाएं भी जुड़ी हुई हैं।

**पेमेंट ऐप नहीं, पूरा डिजिटल इकोसिस्टम**

Google Pay और PhonePe खुद को केवल UPI ऐप के तौर पर नहीं देखते। इन्होंने अपने प्लेटफॉर्म पर दुकानदारों, बड़े ब्रांड्स, फाइनेंशियल संस्थानों और यूजर्स को एक साथ जोड़ दिया है। यही वजह है कि इनकी कमाई सीधे यूजर से नहीं, बल्कि इस पूरे नेटवर्क से होती है। जहां एक तरफ यूजर फ्री में पेमेंट करता है, वहीं दूसरी तरफ कंपनियां इस ट्रैफिक और भरोसे को कमाई में बदल लेती हैं।

**दुकानदारों से होती है बड़ी कमाई**

इन कंपनियों की कमाई का सबसे मजबूत आधार छोटे दुकानदार और किराना स्टोर हैं। PhonePe ने दुकानों पर लगाए जाने वाले वॉयस-ऑपरेटेड UPI स्पीकर्स को एक बड़ा रेवेन्यू मॉडल बना दिया है। जब भी कोई ग्राहक भुगतान करता है, स्पीकर से तुरंत आवाज आती है कि पैसा रिसीव हो गया है। इससे दुकानदार को भरोसा रहता है और फर्जी पेमेंट का डर भी कम हो जाता है। ये स्पीकर्स दुकानदारों को करीब 100 रुपये प्रति माह के किराए पर दिए जाते हैं। सुनने में रकम छोटी लग सकती है, लेकिन जब यही सेवा देशभर की 30 लाख से ज्यादा दुकानों तक पहुंच जाती है, तो सालाना कमाई सैकड़ों करोड़ रुपये में पहुंच जाती है। यह कमाई पूरी तरह स्थिर और नियमित होती है।

**स्क्रैच कार्ड और कैशबैक के पीछे का सच**

यूजर्स को मिलने वाले स्क्रैच कार्ड और कैशबैक भी कमाई का बड़ा जरिया हैं। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि कंपनियां मुफ्त में पैसे बांट रही हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग है। ये कैशबैक और रिवॉर्ड्स असल में ब्रांड प्रमोशन का हिस्सा होते हैं। कई बड़ी कंपनियां अपने प्रोडक्ट या सर्विस का प्रचार करने के लिए इन प्लेटफॉर्म्स को भुगतान करती हैं। बदले में उनका ऑफर स्क्रैच कार्ड के जरिए यूजर तक पहुंचता है। इसमें तीनों का फायदा होता है—यूजर को कैशबैक मिलता है, ब्रांड को नए ग्राहक मिलते हैं और Google Pay व PhonePe को विज्ञापन से रेवेन्यू हासिल होता है।

**सॉफ्टवेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज से मोटी कमाई**

UPI पर बने भरोसे को इन कंपनियों ने आगे सॉफ्टवेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज में बदल दिया है। छोटे व्यापारियों के लिए इनवॉइस बनाने के टूल, GST से जुड़ी सेवाएं, अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर और डिजिटल खाता प्रबंधन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। ये सेवाएं अक्सर सब्सक्रिप्शन या SaaS मॉडल पर काम करती हैं, जिससे कंपनियों को नियमित फीस मिलती है। इसके अलावा, माइक्रो लोन, इंश्योरेंस और निवेश से जुड़ी सेवाओं पर भी कमीशन मिलता है। यानी UPI सिर्फ एंट्री पॉइंट है, असली कमाई इसके आसपास बनने वाली सेवाओं से होती है।

**कम खर्च में ज्यादा कमाई का फॉर्मूला**

इन प्लेटफॉर्म्स की सबसे बड़ी ताकत है कम कस्टमर एक्विजिशन कॉस्ट। UPI पहले से ही करोड़ों भारतीयों तक पहुंच चुका है, इसलिए नए यूजर जोड़ने के लिए इन्हें ज्यादा मार्केटिंग खर्च नहीं करना पड़ता। एक बार यूजर ऐप पर आ गया, तो उसे अलग-अलग सेवाओं से जोड़ा जाता है। यही वजह है कि फ्री UPI पेमेंट के बावजूद

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682